महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में 108 फीट लंबा जैन ध्वज, आकर्षक झांकिया, बैंड, ढोल, घोड़ी के साथ भजन कीर्तन मंडली आकर्षण का केंद्र रही। चंद्रप्रभु मंदिर से शुरू शोभायात्रा का जुलूस मुख्य मार्गो से होता हुआ पुन: मंदिर पहुंचा। बिच रास्ते में धर्मानुरागियों ने पुष्प वर्षा स्वागत अभिनन्दन किया। श्रीजी के रथ में सारथी बनने का सौभाग्य विजय कुमार, अक्षय कुमार, गीतांश गंगवाल परिवार सिराणा वाले, कुबेर बनने का सौभाग्य मनीष मोहित रोहित बड़जात्या परिवार, श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य राजकुमार, मुन्नी, रवि बड़जात्या परिवार, चंवर ढोलने का सौभाग्य संजय, भव्य सोगानी परिवार को प्राप्त हुआ। आर के मार्बल परिवार से अशोक कुमार पाटनी, सुरेश कुमार पाटनी, मुनिसुव्रतनाथ दि. जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी व मंत्री सुभाष बड़जात्या, आदिनाथ दि. जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल व मंत्री विनोद चौधरी, संयोजक निर्मल कुमार पाटोदी, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, समाजसेवी राकेश पहाड़िया, प्रवक्ता गौरव पाटनी, नरेश दगड़ा, संजय पापड़ीवाल, विमल पाटनी उरसेवा, अशोक पाटनी उत्कृष्ट मार्बल, प्रवीण सोनी, योगेश पाटनी, अनिल पाटनी फुलेरा की मौजूदगी में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक डॉ विकास चौधरी, पूर्व विधायक सुरेश टाक, नाथूराम सिनोदिया, जगजीत सिंह, आयुक्त सीता वर्मा, जीएसटी अधिकारी शारदा यादव, पुलिस उपाधीक्षक उमेश गौतम सहित गणमान्य नागरिकों का बहुमान किया। शोभायात्रा में भाजपा नेता महेंद्र पाटनी, पार्षद सुशील अजमेरा, समाजसेवी दिलीप कासलीवाल, पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी, राजकुमार दोषी, राजेंद्र चौधरी, चेतनप्रकाश पाड्या, राजेश पांडया, महेंद्र पाटनी, महावीर गंगवाल, पन्नालाल बड़जात्या, अनिल कासलीवाल, अमित बाकलीवाल, कमल सेठी, पवन लुहाड़िया, प्रणेश बज, विनोद बज, महेंद्र गंगवाल, विजयकांत जैन, मनीष अजमेरा सहित बड़ी संख्या में जैन बंधु उपस्थित रहे। अंकित तातेड, शशांक चोपड़ा, हितेश बडोला, अविनाश हिंगड, अमित नौलखा सहित प्राज्ञ जैन युवा मंडल बिजयनगर के पदाधिकारी परिवारजन ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

- सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई
- रास्ते में धर्मानुरागियों ने पुष्प वर्षा स्वागत अभिनन्दन किया।

जैन शोभायात्रा में शामिल आर के मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक कुमार पाटनी।

दो जनो की होगी दुनिया रोशन

बिजयनगर । दिवंगत प्रकाशचंद गोलेछा के मरणोपरांत उनके सुपुत्र बसंत व बृजेश गोलेछा सहित परिजनों की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। इस पुनीत कार्य से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लायी जा सकेगी। श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल के मीडिया प्रभारी पवन बोहरा ने बताया कि दुखद घड़ी में श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल बिजयनगर की प्रेरणा से परिवार के सदस्य सुरेश गोलेछा, राकेश गोलेछा और अजित कोठारी ने परमार्थ भावना से नेत्रदान के लिए सहमति दी। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर की टीम ने डॉ. भरत शर्मा के नेतृत्व में पी.के.वी. हॉस्पिटल बिजयनगर पहुंचकर नेत्र उत्सर्जित किए गए ।इस अवसर पर दिलीप मेहता, तेजमल बडोला, सुरेंद्र सिंघवी, अमित लोढ़ा, अमित अंबानी, मण्डल अध्यक्ष अमित सिसोदिया, मंत्री गौतम श्री श्रीमाल, कोषाध्यक्ष प्रिंस नाबेड़ा, प्रवीण काटेड, अमन लोढ़ा, पवन बोहरा, विमल पोखरण, राजेंद्र संचेती, अनिल भंडारी, पंकज बाबेल, अमित बडोला, अंकित तातेड, शशांक चोपड़ा, हितेश बडोला, अविनाश हिंगड, अमित नौलखा सहित प्राज्ञ जैन युवा मंडल बिजयनगर के पदाधिकारी परिवारजन ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

'राग द्वेष निकाले बिना धर्म का मर्म नहीं'

अजमेर । भगवान महावीर के सन्देशों को अपने जीवन में उतारे। मन से राग द्वेष निकाले बिना जीवन में धर्म का मर्म नहीं आ सकता। इस पवित्र दिवस पर हमें उनके आदर्शो को अपनाकर एक शान्तिपूर्ण, करूणामय और सदाचारी जीवन जीने का संकल्प ले। उक्त विचार खरतरगच्छाचार्य आचार्य पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने शुक्रवार को श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ और जिनदत्तसूरि मंडल की ओर से दादाबाड़ी में आयोजित भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस पर आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये । साध्वी काव्यप्रभा श्रीजी ने "जलाना है तो दीपक जलाओं किसी का दिल ना जलाओं" भजन प्रस्तुत किया। साध्वी प्रार्थना श्रीजी ने कहा कि अपने जीवन में सहन करने की कोशिश करों सामना मत करों। तन, मन और धन की शक्ति का भी प्रदर्शन ना करों। धर्मसभा में नरेन्द्र लूणिया, विक्रम पारख, प्रो. महेन्द्र लूणिया, सुशील वेद, रिखब सुराना, नरेन्द्र लालन, जयदीप पारख, दिनेश मेहता, सतीश बुरड़, अरूण मेहता, महक गोलेच्छा, अनिल धारीवाल सहित सैकडो धर्मनुयायी उपस्थित थे। संगठन प्रेरिका शतावधानी साध्वी मनोहर श्रीजी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर प्रभु का पथ हमें पथदर्शी बनाए यही मंगल भावना है। धर्म सभा को सम्यक रतन सागर जी महाराज, साध्वी निरंजना श्रीजी, साध्वी काव्यप्रभा श्रीजी, साध्वी डॉ. मधुस्मिता श्रीजी, डॉ. स्मितप्रज्ञा श्रीजी, साध्वी आदर्श प्रज्ञा श्रीजी ने भी सम्बोधित किया।

शोभायात्रा निकाली

बिजयनगर । गुरुवार को महावीर जयंती भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सकल जैन समाज द्वारा संभवनाथ जैन मंदिर शोभायात्रा से शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई ।धार्मिक झांकियों के साथ वरघोड़ा निकाला गया। राष्ट्र सन्त ललितप्रभ सागर व डॉ मुनि शांति प्रिय सागर की वरघोड़े में गरिमामय उपस्थित रही। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सथाना बाजार स्थित चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर पहुंची।शोभायात्रा के दौरान सकल जैन समाज के धर्मावलंम्बी भगवान महावीर के जयकारों के साथ नाचते झूमते हुए चल रहे थे । शोभायात्रा में वर्धमान जैन श्रेताम्बर स्थानकवासी श्रावक संघ संस्था के अध्यक्ष भंवरलाल कोठारी, मंत्री ज्ञानसिंह सांखला, प्रभाचंद बड़जात्या आदि मौजूद थे।

महावीर जयंती पर निकली फेरी

अजमेर के आनासागर रोड पर महावीर जयंती पर सुबह प्रभातफेरी निकाली।

अजमेर । जैन श्वेताम्बर संस्था आनासागर सर्कुल रोड वैशाली नगर अजमेर की ओर से महावीर जयंती पर सुबह प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए सचिव पी एम जैन (डोसी) ने बताया कि महावीर जयंती पर स्थानक से सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई जो कि वैशाली नगर, एलआईसी कॉलोनी, गेट वेल अस्पताल के सामने से मुख्य मार्ग , सागर विहार कॉलोनी व गुलमोहर कॉलोनी स्थित मिलापचंद रांका के निवास स्थान पहुंची प्रभात फेरी का गुलमोहर कॉलोनीवासियों सहित अनेक जगह स्वागत किया गया।

सिन्धी भाषा दिवस पर संगोष्ठी

अजमेर । स्वतंत्रता मिलने पर अखण्ड भारत से सिन्ध प्रान्त अलग हो गया और समाज बन्धु देश के अलग अलग हिस्से में बस गये। सिन्ध प्रान्त भारत में नहीं होने पर भी मातृ भाषा सिन्धी हमारी आत्मा है और भारत सरकार ने भी प्राथमिक अध्ययन मातृभाषा में करवाने के लिये नई शिक्षा नीति लागू की है। ऐसे विचार भारतीय सिन्धू सभा की ओर से सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर स्वामी सर्वानन्द विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता निरंजन शर्मा ने प्रकट किये। शर्मा ने कहा कि मान्यता के लिए लगातार संघर्ष करते हुये 10 अप्रेल 1967 को संविधान की आठवीं अनुसूची में जुडने की सफलता प्राप्त हुई। प्रदेश भाषा एवं साहित्य मंत्री डॉ.प्रदीप गेहाणी ने कहा कि सरकार भाषा का विस्तार व बढ़ावा देने के लिये प्रयासरत है। राज्यों में भाषा के लिये अकादमियों का गठन व केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद का गठन किया गया है और भारतीय सिन्धू सभा की ओर से बाल संस्कार शिविरों का आयोजन किया।

पत्रकारों के लिए भूखंड आरक्षित करने की मांग

अजमेर । अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने मंगलवार को देर रात नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर मांग की है कि मौजूदा पत्रकार कॉलोनी के नजदीक प्रस्तावित नई आवासीय योजना के सभी भूखंड पत्रकारों के लिए ही आरक्षित रखे जाएं । वह एक दिवसीय अजमेर प्रवास पर थे । अजयमेरु प्रेस क्लब के एक शिष्टमंडल ने खर्रा से मुलाकात कर अजमेर शहर के पत्रकारों की आवासीय समस्या पर विस्तार से चर्चा की, उन्हें बताया गया कि इस नई आवासीय योजना में करीब एक सौ भूखंड हैं । इनमें से पत्रकारों के लिए मात्र 33 भूखंड ही आरक्षित किए गए हैं। जबकि इस योजना में भूखंड हासिल करने के लिए 124 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों ने आवेदन किया है । सभी पात्र आवेदकों को भूखंड मिल जाएं , इसके लिए सभी भूखंड पत्रकारों के लिए आरक्षित करना आवश्यक हो गया है। अन्यथा कई लोगों को भूखंड मिल ही नहीं पाएंगे । गुंजल ने उन्हें बताया कि राज्य स्तरीय आवास समिति की बैठक में यह नीतिगत निर्णय भी हो गया था कि डी.डी.पुरम आवासीय योजना में जिन 31 पत्रकारों को भूखंड आवंटित किए गए थे , उन सभी को भी प्रस्तावित पत्रकार कॉलोनी में ही स्थानांतरित कर दिया जाएगा । इसकी सूचना बैठक के दौरान ही श्री मीणा ने तत्कालीन आयुक्त अक्षय गोदारा को फोन करके बता दी थी । ऐसा निर्णय लेने का कारण बताया गया था कि डी.डी.पुरम शहर से 18 किलोमीटर दूर है । ऐसे में रात 2.30-3.00 बजे अखबार के दफ्तर में अपनी ड्यूटी समाप्त करके जाना बहुत दुश्वार होगा । खासतौर पर सर्दी के मौसम में देर रात इतना लम्बा सफर तय करके अपने घर जाना बहुत ही कष्टकारी होगा । यह मांग भी की गई कि नई पत्रकार कॉलोनी के गठित आवंटन समिति में पत्रकार संगठनों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए।

जीवन बीमा के मृत्यु दावे की मंजूरी

ब्यावर (निसं) अधीक्षक डाकघर, ब्यावर मण्डल कमलेश प्रजापत,द्वारा डाक जीवन बीमा के मृत्यु दावे की त्वरित स्वीकृति जारी करते हुये दावाकर्ता बगदी देवी को बतौर नोमिनी रू. 2,95.933/- रू. का चैक प्रदान किया गया। बीमाधारक हनुमान प्रसाद रेबारी द्वारा 02 लाख रू. की डाक जीवन बीमा पॉलिसी ली गई थी। जिसका मासिक प्रीमियम मात्र 370/- रु. था। दुर्भाग्यवश बीमा धारक हनुमान प्रसाद रेबारी की मृत्यु हो गयी। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये बगदी देवी को बुधवार को रू 2.95.933/- का चैक प्रदान कर पॉलिसी धारक के परिवार को आर्थिक सम्बल प्रदान किया। इस प्रकार भारतीय डाक विभाग ने आम जन के सेवार्थ "डाक सेवा-जन सेवा" के सिद्धांत पर निरन्तर कार्य कर रहा है।उल्लेखनीय है कि डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा भारत सरकार की कम प्रीमियम पर सर्वाधिक बोनस प्रदान करने वाली आकर्षक बीमा योजना है जिसमें जमा राशि पर आयकर में छूट भी प्राप्त होती है।

महावीर जयंती पर सांस्कृतिक संध्या हुई

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दिगंबर जैन महिला महासमिति तत्वाधान में सकल दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारासांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।संयोजक मोना झांझरी ने बताया कि अध्यक्ष सुलोचना कासलीवाल,मंत्री सिंपल बाकलीवाल, चंद्रप्रभु मंडल अध्यक्ष गौरा पांडया, मंत्री निर्मला पाटनी, पुलक मंच

अध्यक्ष संगीता पापड़ीवाल, मंत्री मीनाक्षी गंगवाल, पारसनाथ महिला मंडल अध्यक्ष मंजू गोधा, महासभा अध्यक्ष अनीता बाकलीवाल, महावीर महिला मंडल अध्यक्ष रश्मि जैन, मंत्री रेखा बड़जात्या, मुंशीव्रतनाथ महिला मंडल अध्यक्ष विभा पाटौदी, मंत्री एनी बोहरा, सुज्ञान महिला मंडल अध्यक्ष कनकलता बज, मंत्री मंजू बोहरा, नवकार मंडल अध्यक्ष सरिता पाटनी, मंत्री निर्मला पटौदी ने जैन ध्वज गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। आर के मार्बल परिवार से शांता पाटनी, उषा गोधा, मीना सेठी, ललिता पाटनी ने महावीर भगवान महावीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन किया। चेलना जाग्रति महिला मंडल अध्यक्ष नवरतन दगडा, मंत्री रश्मि छाबड़ा ने तिलक लगाकर स्वागत किया।महासमिति द्वारा मंत्र नमोकारा एक मंगलाचरण, सुज्ञान महिला मंडल ने स्वागत नृत्य, पारसनाथ महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर का पंचकल्याणक नृत्य नाटिका, मुनिसुव्रत महिला मंडल ने भगवान महावीर के परिवार का परिचय नृत्य, महासभा ने बालक वीर के जन्मोत्सव पर बधाई नृत्य, महासमिति ने मानसिक द्वंद संवेदनशील नाटक प्रस्तुत किया। पुलकमंच द्वारा भारतीय संस्कृति की और लौटने का संदेश देते हुए रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रस्तुत किया महावीर मंडल ने कॉमेडी नाटक प्रस्तुत किया।अध्यक्ष सुलोचना कासलीवाल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष विनोद पाटनी, मंत्री सुभाष बड़जात्या, आर के पाटनी कॉलेज निर्देशक सुभाष अठावाल आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

सार-समाचार

रामचंद्र चौधरी का भव्य स्वागत

सुरसुरा। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी का सुरसुरा तेजाजी धाम में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर सवा किलोमीटर तक चौधरी का विजय जुलूस निकाला और डीजे पर तेजाजी के गानों पर महिला और पुरुषों ने जमकर नृत्य किया । मुख्य समारोह जाट विश्राम स्थली में हुआ। इससे पूर्व चौधरी ने वीर तेजाजी धाम के दर्शन किए जहां पर नाग रूप में तेजाजी ने दर्शन दिए। स्वागत समारोह में चौधरी ने कहा कि यह सम्मान में किसानों की मेहनत और उनके योगदान को समर्पित करता हूं । कार्यक्रम में अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के साथ डायरेक्टर रूपचंद नुवाद, छोगा लाल चौधरी, भागचंद घासल कटसूरा और मोतीलाल गुर्जर का भी सिलोरा जोन के डेयरी अध्यक्ष गण और सचिवों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन हरिराम किंवाड़ा ने किया। कार्यक्रम में आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे । इस अवसर पर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने 1 अप्रैल से 50 पैसे प्रति फेट बढ़ाने और 1 मई से 25 पैसे और जोड़कर कुल 75 पैसे प्रति फेट की वृद्धि की घोषणा की। कार्यक्रम में जाट विश्राम स्थली अध्यक्ष रामविलास थाकन, एडवोकेट शांतिलाल ढेल सुरसुरा डेयरी सचिव जीवन राम बाना, थल डेयरी सचिव हनुमान बाजिया, सिणगारा डेयरी अध्यक्ष राम रामनिवास खाचरिया, मसूदा जाट समाज के सचिव सांवरलाल जाट, काली डूंगरी सचिव जयनारायण चौधरी, डीडवाडा सचिव शिवराज चौधरी, काढा से प्रहलाद चौधरी, बालापुरा से हंसराज चौधरी, बरना से राजू लाल चोयल समेत सभी डेयरी अध्यक्ष और सचिव मौजूद रहे।

माताजी के दर्शन कर की पूजा अर्चना

अजमेर । किशनगढ़ के विधायक डॉ. विकास चौधरी ने आज अजमेर प्रवास के दौरान बजरंगगढ़ स्थित जय अम्बे माता जी के मंदिर के दर्शन कर पुजा अर्चना की। मंदिर परिवार द्वारा माल्यार्पण कर चुनरी ओडाकर विधायक डॉ विकास चौधरी का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी जगदीश गोरा, कानाराम चोटिया, सुरेश भडाना, राधेश्याम वैष्णव, चेतन शर्मा, शिवकुमार बंसल, आरिफ हुसैन, मामराज सेन, हेमराज सिसोदिया व नितिन जैन आदि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा में हुई पुष्प वर्षा

सरवाड । सरवाड़ शहर में ओसवाल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुए इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा गोपीनाथ मंदिर सदर बाजार बस स्टैंड होते हुए दादाबाड़ी पहुंचकर संपन्न हुई वहीं शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं दादा गुरुदेव का पूजन व भक्ति संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया सायंकाल समाज की सामूहिक गोठ व लघु काव्य संध्या का आयोजन हुआ। बाद में बधाई जुलूस निकला गया जो मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। बधाई गीत के साथ समारोह का समापन किया गया। इस मौके पर समाज के सभी प्रतिष्ठान गुरुवार को पूरे दिन बंद रहे।

'जो तुम्हे अच्छा नहीं लगता वो दूसरों से मत करो'

आसीन्द । सकल जैन समाज द्वारा आसींद में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई साथ ही दीक्षार्थी भाइयों का वर घोड़ा निकाला गया जिसमें सैकड़ों श्रावक श्राविकाओ ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर भगवान महावीर के नारों को गुंजायमान किया । इस अवसर पर श्रीमाल वाटिका में आयोजित समारोह में ज्ञानशाला के बच्चों, बालिका मंडल, महिला मंडल ने आकषर्क प्रस्तुतियां प्रदान की। महासती प्राची म.सा. ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत को आज के युग की आवश्यकता बताते हुए जीवन में उतारने एवं अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़ने पर जोर दिया।

प्रभात फेरी का त्रिवेणी संगम

ब्यावर (निसं) श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर के 12 वें वार्षिक उत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।मन्दिर समिति के कोषाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने बताया कि प्रथम दिवस पर रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने भाग लिया। द्वितीय दिवस पर प्रात: बजे प्रभात फेरी का त्रिवेणी संगम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार की रघुनाथ मंदिर शाखा व बी एम एल शर्मा नगर शाखा एवं चौहान कालोनी शाखा का त्रिवेणी संगम श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर किया गया। सभी भागवत भक्तो ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। प्रभात फेरी का क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। प्रभात फेरी के अन्त में मन्दिर समिति द्वारा सभी हरि भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रभात फेरी के त्रिवेणी संगम के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। दोपहर में बी एम एल शर्मा नगर परिवारों का महा प्रसादी का आयोजन किया गया। रात्रि में बहिराणा साहब की सवारी के दौरान छेज किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा0 एम एल शर्मा, समिति अध्यक्ष राजेश शर्मा, संजय घीया ,सचिव महेंद्र शर्मा, दयाल गुरनानी,सोनू प्रियानी, हरगुण लालवानी, दिलीप ज्ञानचन्दानी, सत्यनारायण सोनी, ओमप्रकाश शर्मा,डा0 संजय शर्मा, जुगल किशोर मणिहार आदि लोग उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

अजमेर । भगवान श्री महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज का सामूहिक आयोजन जिसमे मुख्य रूप से रक्त दान, बच्चों के लिए चित्रकला व सभी वर्ग के लिये भजन प्रतियोगिता तद्नुप्रांत सकल श्वेताम्बर समाज का सामूहिक वात्सल्य भोज रखा गया है।

श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद कुमार ढाबरिया व महामंत्री भागचंद मांडोत व सह सचिव संदीप चपलोत ने बताया कि इस कार्यक्रम को आपसी स्नेह, सद्भाव, समन्वय की भावना को साकार रूप प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सकल श्वेताम्बर समाज द्वारा महावीर जयंती पर एकता का परिचय दिया गया है। सभी श्री संघो ने अपनी अनुकूलता स्वरुप अपने अपने क्षेत्रो मे सामुहिक प्रभात फेरी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज व प्राज्ञ युवा मण्डल के सामुहिक तत्वावधान मे रक्त दान कार्यक्रम किया गया, जिसमें लगभग 75 यूनिट रक्त दान हुआ, जिसमे महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम अयांश जैन, कुलदीप चोपड़ा एवं अक्षिता कोठारी रही। भजन प्रतियोगिता मे काशवी, कशिश, अवनी, सुनीता खाबिया, सुनिता पीपाडा, सुनील सांखला प्रतिभागी पुरस्कृत हुये। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल मनोज रांका, पुखराज काठेड, सपना चौपडा, श्वेता चौधरी ने विभिन्न आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का चयन किया। प्राज्ञ युवा मण्डल के अमित बोहरा, अमित पोखरणा, राकेश सोनी, आशिष पोखरणा, अजय बाफना व अन्य सभी सदस्यो ने समस्त रक्त दानवीर को पुरुस्कृत कर सभी का अभिनंदन किया। जैन संस्था जीतो द्वारा सामुहिक नवकार महामंत्र का जाप सम्पूर्ण विश्व मे एक समय, एक साथ करना भी इस जन्म कल्याणक की विशेष उपलब्धि रही। इस पुनित अवसर पर श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज के गणमान्य सदस्य पारस मल रांका, प्रकाश बाफना, विकास नाहर, मनोज रांका, गुमान मल बोहरा, अशोक चौधरी, राजु मेहता, सम्पत नाहर, अरुण पोखरणा, मनीष रांका, निर्मल कोठारी व अन्य सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

महावीर जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया।

दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा

ब्यावर (निसं) शिव मंदिर सांखला कॉलोनी में रथ यात्रा आगमन तथा स्वागत- अभिनन्दन। अखंड दीपक प्राकट्यय शताब्दी एवं परम वंदनीय माता जी भगवती देवी शर्मा जी जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष में दिव्या ज्योति कलश यात्रा का मंगल प्रवेश आयोजित हो रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से यह दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा का हर गांव हर शहर हर पंचायत हर सिटी हर जिले में विश्व शांति का संदेश उजागर करने के लिए दिव्य ज्योति कलश यात्रा का जगह-जगह आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को प्रात: 8 बजे रथ यात्रा नेहरु नगर गीता भवन से प्रस्थान कर नेहरू गेट मुंह बोले महादेव मंदिर पर पहुंची तत्पश्चात वहां पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ मंत्रों के साथ संपन्न हुआ व महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम 5:30 बजे दिव्या रथ कलश यात्रा गीता भवन मार्ग से होती हुई कॉलेज रोड, सांखला कॉलोनी, प्रताप नगर, गणपति कॉलोनी में परिक्रमा कर सांखला कॉलोनी शिव मंदिर पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद दीप यज्ञ कर महा आरती और प्रसाद वितरण किया गया। बल्लभ ओझा, दीपिका ओझा, साधना भट्ट, सलोनी, वर्षा, मिनल, राकेश झांकल, शुभम, टेकचंद वर्मा, कहानी पालीवाल, ललित शर्मा, मंजू, गीता देवी वाघेला, अनीता पटेल, रश्मि, रामनिवास, सुभाष सोलंकी आदि उपस्थित थे।

भाजपा का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी कांग्रेस के बड़े से बड़े कार्यकर्ता से श्रेष्ठ : मदन राठौड़

जयपुर,। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का गुरूवार को भीलवाड़ा में भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। राठौड़ ने सम्मान समारोह और सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी कांग्रेस के बड़े से बड़े कार्यकर्ता से श्रेष्ठ है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संस्कारित है और राष्ट्र का अहित नहीं देख सकता तथा अराष्ट्रीय काम नहीं कर सकता। यहीं भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि हम सभी का एक मात्र उद्देष्य राष्ट्रिहत है और उसे हमें ध्यान में रखना है। राष्ट्रिहत के लिए हमें छोटे-छोटे हितों का त्याग करना होगा। राष्ट्र को मोदी जी की जरूरत है और देशभर में सर्वत्र भाजपा का राज होगा, तब जाकर देश का सर्वोंगिण विकास होगा, देश का प्रत्येक नागरिक समृद्ध बनेगा।

राठौड़ ने कहा कि केंद्र में और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को लगातार बढ़ाने का काम कर रहे है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए संकल्पित है। मोदी जी को विश्व के 40 से अधिक देशों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान दिया, यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। मोदी सरकार ने देश के आम नागरिकों के विकास, कल्याण और उत्थान के लिए बजट में खजाना खोल दिया। मोदी का एक मात्र लक्ष्य है विकास, विकास और विकास। आज देश में इनकम टैक्स देने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, इसका सीधा सा अर्थ है कि लोगों की इनकम बढ़ी है, उनकी आय बढ़ने से आम लोगों का जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान बढ़ाने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेसी नेताओं ने तो बाबा साहब को संसद सदस्य तक बनने नहीं दिया था। जबकि भाजपा ने बाबा साहब के जन्म स्थान से लेकर शिक्षा नगरी तक में पंच तीर्थ विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। भाजपा देश के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मोदी सर्वे भवंतु सुखिने और वसुदेव कुटुंबकम की भावना को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे है। इसी तरह यूसीसी बिल, वक्फ बिल जैसे मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्य है।

भीलवाडा प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मांडलगढ़ में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ भाजपा स्थापना दिवस, सेवा सप्ताह व डॉ. अंबेडकर जयंती को लेकर चर्चा की। वहीं त्रिवेणी संगम महादेव में कबूतर खाने का लोकार्पण किया।

परिसीमन पर आपत्ति दर्ज कराई

मदनगंज-किशनगढ़ । विधायक विकास चौधरी ने कलेक्टर से मुलाकात कर पक्षपातपूर्ण परिसिमन किये जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। विधायक चौधरी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि पंचायती राज एवं नगर निकाय में किए जा रहे परिसीमन में टेमैन को और जनहित को दरकिनार कर निजी स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के लिए किया गया पक्षपात पूर्ण परिसीमन लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। विधायक चौधरी ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने केवल अपने फायदे नुकसान को ध्यान में रखते हुए मापदंडों की खुली अवहेलना की है, यह परिसीमन भाजपा के लिए सुविधासीमन लग रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

आम सूचना

हमारी फर्म ROYALGEM SURFACES खसरा संख्या 1253/983, ग्राम रलावता, मकराना रोड, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर (राज) 305801 रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, अजमेर में पंजियन क्रमांक RF/AJM/2022/2861 दिनांक 08 अगस्त 2022 पर पंजिकृत भागीदारी फर्म है। उक्त फर्म में (1) श्री संजय टाक (2) श्रीमती साधिका अग्रवाल (3) श्री तेजन टाक साझेदार थे। उक्त साझेदारी में श्री तेजन टाक को दिनांक 09 अप्रैल 2025 से साझेदारी फर्म से रिटायर किया गया है, जिसके लिए एक सप्लीमेंट्री पार्टनरशिप डीड को दिनांक 09 अप्रैल 2025 को लिखा गया है। उक्त प्रवेश के बाद साझेदारी फर्म में श्री संजय टाक, एवं श्रीमती साधिका अग्रवाल उक्त फर्म में वर्तमान साझेदार के रूप में है, इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति-संस्थान को कोई आपत्ति ह